भुखमरी व कुपोषण के खिलाफ जागरूक होना ही होगा।

**प्रश्न 10. पुत्री द्वारा बनाए गए चित्र को लेकर माँ-पुत्री में हुए संवाद को 50 शब्दों में लिखिए।**

**उत्तर—माँ** — आशिमा, इधर बैठकर चित्र बनाना सीखो। तुमने इस लड़की की आँखें ठीक नहीं बनाईं।

**आशिमा** — पुस्तक में तो इसी तरह बनी हुई हैं।

**माँ** — ध्यान से देखो तो तुम्हें पता चल जाएगा। चित्र बनाकर रंग भी ठीक से भरना।

**आशिमा** — मम्मी! आप चिंता न करें। मैं ड्राइंग की इस पुस्तक जैसा चित्र बनाऊँगी।

**माँ** — मेरी इच्छा है कि बड़ी होकर तुम बहुत अच्छी चित्रकार बनो।

**आशिमा** — मम्मी, हमारे दीपांकर सर बहुत बड़े चित्रकार हैं। उनके चित्रों की प्रदर्शनियाँ मुंबई और नई दिल्ली तक में लग चुकी हैं। वे कहते हैं कि मैं बहुत अच्छी चित्रकार बनूँगी।

**माँ** — शाबाश आशिमा! मुझे तुमसे ऐसी ही आशा है।